हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, शनिवार 22 फरवरी 2025

12 नगर पालिका प्रशासन हुआ सख्त, बाजार में बढ़ते...



12 दो माह से फुटपाथ निर्माण बंद होने से लोग परेशान





## खबर संक्षेप



### खेलों में हिस्सा लेने से होता है सर्वांगीण विकास

**नारनौल।** राजकीय महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना सात दिवसीय शिविर के पांचवें दिन प्राचार्या डा. पूर्ण प्रभा की अध्यक्षता में पटीकरा में स्वयंसेवकों ने विभिन्न प्रकार की खेलकूद गतिविधियों में भाग लिया। प्रेस प्रवक्ता प्रोफेसर डा. चन्द्र मोहन ने बताया कि सुबह के सत्र की शुरूआत में प्रोग्राम ऑफिसर जयपाल सिंह की अगुवाई में हुई। प्राचार्या ने कहा कि खेलकूद प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने से विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास होता है। प्रोग्राम अधिकारी प्रोफेसर डा. सतीश सैनी ने बताया कि सुबह के सत्र में राजकीय महाविद्यालय परिसर में सफाई अभियान चलाया गया।

### फतेहपुर में मेला एवं कुश्ती प्रतियोगिता 26 को

मंडी अटेली। शिवरात्रि के पावन अवसर पर फतेहपुर में भोले बाबा का मेला एवं कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन 26 फरवरी को किया जा रहा है। जानकारी देते हुए मंदिर कमेटी प्रधान रामप्रताप ने बताया कि मेले में कुश्ती प्रतियोगिता 50 रुपये से लेकर 11 हजार तक करवाई जाएगी। उसी दिन मंदिर में जलाभिषेक कर हवन यज्ञ आयोजन किया जाएगी।

### श्रीबांके बिहारी गोशाला में श्रीराम कथा 25 से

**सतनाली मंडी।** गांव जड़वा स्थित श्री बांके बिहारी गोशाला में सात दिवसीय श्रीराम कथा का आयोजन किया जाएगा। गोशाला समिति से मिली जानकारी के अनुसार गोशाला परिसर में कथावाचक ब्रह्मचारी शिव बली महाराज वृंदावन के सानिध्य में 25 फरवरी से तीन मार्च तक श्रीराम कथा का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के अनुसार प्रतिदिन प्रातः पांच से 6:30 बजे तक प्रार्थना, प्रवचन एवं प्रभातफेरी, दोपहर 1:30 से सायं 4:30 बजे तक भजन कीर्तन, कथा तथा रात्रि 7:30 से नौ बजे तक भजन कीर्तन व सत्संग का आयोजन किया जाएगा।

### गाली गलौज व मारपीट करने पर 11 पर केस

**मंडी अटेली।** अटेली क्षेत्र के एक गांव में बूस्टिंग स्टेशन चलाने वाले युवक के साथ गाली गलौज कर मारपीट करने पर 11 नामजद पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। बजाड़ निवासी दिनेश कुमार ने पुलिस में दी शिकायत में बताया कि वह बूस्टिंग स्टेशन चलाता है। गत 25 जनवरी को जब वह बूस्टिंग स्टेशन को खोलने के लिए गया तो वह पर जोगेन्द्र ने उसे स्टेशन खोलने नहीं दिया एवं उसके साथ गाली गलोच कर मारपीट की। वह आधी सेलरी उसे देने के लिए बोलता है। ऐसा नहीं करने पर उसने उसे जान से मारने की धमकी भी दी है। उसके बाद जोगेन्द्र उसके परिवार के लोगों ओमप्रकाश, वेदप्रकाश, राजकुमार, बिरेंद्र, ब्रहम, विशाल, हरिश, अजीत, सतीश व अनिल व अन्य के साथ लाठी डंडों के साथ उसके घर के दरवाजे को लात मारकर घर पर आकर उसको को जान से मारने की धमकी दी।

# खनन विभाग के अधिकारियों की टीम ने किया संवेदनशील स्थानों का निरीक्षण

- रास्तों पर 238 खनिज से भरे वाहनों का किया निरीक्षण
- बिना बिल डस्ट ढोते ट्रक को पकड़ा, कार्रवाई शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल





**नारनौल।** बिना बिल बजरी ढोते पकड़ा ट्रक। व नांगल चौधरी क्षेत्र का औचक निरीक्षण करते अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

खान एवं भू विज्ञान विभाग महानिदेशक के केएम पाण्डूरंग के आदेशानुसार वीरवार शाम को मुख्यालय से आई उच्च अधिकारियों की टीम ने नांगल चौधरी क्षेत्र अवैध खनन संबंधित संवेदनशील स्थानों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान नारनौल के पास बिना बिल डस्ट ले जाते एक ट्रक को पकड़कर बंद करके आगे की कार्रवाई शुरू करवाई गई। पिछले 24 घंटों से चल रहे निरीक्षण के दौरान राज्य भू वैज्ञानिक दीपक हुड्डाए खनन अभियंता राजेश सांगवान, खनन अधिकारी ओमदत शर्मा तथा जिला के अधिकारियों के दल ने संयुक्त रूप से नांगल चौधरी क्षेत्र का निरीक्षण किया। टीम ने गांव बापडोली, महरमपुर, मांदी, जैनपुर, पांचनौता, बायल, सहबाजपुर, डिगरोता आदि स्थानों का निरीक्षण किया। इसके अतिरिक्त 238 खनिज से भरे वाहनों का निरीक्षण विभिन्न रास्तों पर किया। इस दौरान एक ट्रक बिना बिल अवैध रूप से डस्ट ले जाते ट्रक को पकड़कर पुलिस इन्फोर्समेन्ट ब्यूरो के हवाले कर कार्रवाई के आदेश दिए। वहीं मुख्यालय से आए उच्च अधिकारीयों ने लौह अयस्क अवैध खनन के मामले में अति संवेदनसील गांव जैनपुर का भी विस्तृत निरीक्षण किया। मौके पर ही राज्य भूवैज्ञानिक दीपक हुड्डा ने महानिदेशक खनन विभाग को दूरभाष पर लौह अयस्क की जानकारी दी एवं विभाग द्वारा की गई उचित कानूनी कार्रवाई बारे अवगत करवाया गया। महानिदेशक के आदेशानुसार उपायुक्त डा. विवेक भारती से भी टीम ने विस्तार से निरीक्षण बारे बैठक कर सूचित किया व परामर्श किया तथा स्थानीय प्रशासन के विभिन्न विभागों की उपायुक्त की ओर से गठित संयूक्त टीम के कार्य की सराहना की। इस टीम ने उपायुक्त डा. विवेक भारती को बताया कि आयरन अयस्क की कठोरता के चलते विस्फोटक पदार्थो के उपयोग बिना संभव नहीं है। ऐसे में विस्फोटक पदार्थ पर भी कड़ी नजर रखी जाए।

### जनवरी से अब तक 28 मुकदमें दर्जए 37 वाहन पकड़े

मुख्यालय से आई टीम ने सहायक खनन अभियन्ता डा. राजेश कुमार से अब तक अवैध खनन को रोकने के किए गए प्रयासों व की गई कार्रवाई की विस्तृत जानकारी ली। डा. राजेश कुमार ने बताया कि जनवरी से अब तक उनके की ओर से कुल 28 मुकदमें दर्ज करवाए गए हैं व 37 वाहन अवैध खनन में संलिप्तता के चलते पकड़े है। जिनमें सात वाहनों से लगभग 25.88 लाख रुपये जुर्माना वसूल किया गया। वहीं जैनपुर व छापड़ा बीबीपुर में लौह अयस्क की चोरी करते दो जेसीबी दो ट्रक पकड़े। इनसे 19.40 लाख रुपये जुर्माना व लायल्टी वसूली। इस दौरान 15 से 20 के खिलाफ मामला दर्ज कराए गए।

## महाविद्यालय अटेली में होने वाले खेले में विद्यार्थी करेंगे प्रतिभा का प्रदर्शन

# कॉलेज में दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता शुरू

- प्रतियोगिता का शुभारंभ जिला उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंडी अटेली




**मंडी अटेली।** खेल विजेताओं को सम्मानित करते उपायुक्त डा. विवेक भारती।

राजकीय महाविद्यालय अटेली में दो दिवसीय 41वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता शुरू हो गई है। इस प्रतियोगिता का शुभारंभ जिला उपायुक्त डॉ. विवेक भारती द्वारा किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार सैनी व समस्त स्टाफ सदस्यों में जिला उपायुक्त का स्वागत किया। महाविद्यालय प्राचार्य ने डॉ. विवेक भारती को सहज और सरल व्यक्तित्व का धनी बताया। उन्होंने बताया कि उपायुक्त महोदय ने लगभग 21 वर्ष राजकीय महाविद्यालय में अंग्रेजी के प्रोफेसर के रूप में अपनी सेवाएं दी है। जिला उपायुक्त ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थी किसी से भी कम नहीं होते। उन्हें भविष्य की धरोहर बताते हुए उन्हें कठिन परिश्रम करने की लिए प्रेरित किया और प्रतिदिन समाचार पत्र पढ़ने के लिए प्रेरित किया जिससे 40 प्रतिशत सफलता हासिल की जा सकती है। विद्यार्थी किसी काम को करने की मन में ठान ले तो पूरा करने के लिए दिन-रात एक करें उन्हें सफलता जरूर मिलती है। उन्होंने महाविद्यालय परिवार को वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिताओं के आयोजन के लिए शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम के प्रारंभ में शारीरिक शिक्षा के प्रोफेसर सत्यजीत ने उपायुक्त महोदय को बैज व कैप पहनाई। इसके बाद उपायुक्त ने खिलाड़ियों के मार्च पास्ट की सलामी ली तथा उन्हें खेल भावना से खेलकूद प्रतियोगिता में हिस्सा लेने की शपथ दिलाई। दो दिन चलने वाली इस खेल प्रतियोगिता के प्रथम दिन लड़के व लड़कियों की 1500, 800, 200, 400 मीटर रेस, 100 मी हिट रेस, जैवलिन थ्रो, शॉट पुट, डिस्कस थ्रो व हाई जंप आदि आयोजित की गई। 800 मीटर लड़कियों की रेस में प्रथम निशा, द्वितीय नेहा, तृतीय मीनाक्षी व लड़कों में प्रथम आदित्य, द्वितीय मनीष, तृतीय राहुल रहा। वहीं 400 मीटर रेस में प्रथम निशा, द्वितीय चंचल तृतीय निशु, वहीं लड़कों में प्रथम अंकित, द्वितीय दीपक, तृतीय आदित्य रहे। अंत में डॉ. नीरज चौहान द्वारा उपस्थित अतिथियों का आभार व धन्यवाद व्यक्त किया। मंच संचालन डॉ. राजेश व डॉ. संजय शर्मा ने किया। इस मौके पर महाविद्यालय के डॉ. श्वेता, डॉ. मंजू, प्रो सूरज, पवन कुमार, दीपक, नरेश, मोनिका यादव, अनिल कुमार व हितेश के अलावा अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

### राजकीय महिला महाविद्यालय अटेली में सांस्कृतिक कार्यक्रम उमंग आयोजित



**मंडी अटेली।** महिला महाविद्यालय के उमंग का कार्यक्रम को संबोधित करते हुए।

**मंडी अटेली।** राजकीय महिला महाविद्यालय अटेली में शुक्रवार को सांस्कृतिक कार्यक्रम उमंग 2025 का आयोजन किया गया। इस मौके पर उपायुक्त डॉ. विवेक भारती मुख्य अतिथि थे एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. प्रवीण यादव ने की।

इस मौके पर मुख्य अतिथि डा. विवेक भारती ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम छात्राओं में नेतृत्व क्षमता का विकास करते हैं। उन्होंने बच्चों को कठिन मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। अपने जीवन के विभिन्न अनुभवों का उदाहरण देते हुए विभिन्न पहलू पर छात्राओं के साथ चर्चा भी की। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. प्रवीण यादव ने छात्रों को बधाई देते हुए प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं छात्राओं में आत्मविश्वास को बढ़ाने के साथ-साथ रचनात्मकता को भी निखारता है। कार्यक्रम में आयोजित प्रतियोगिताओं में ग्रुप डांस, सोलो डांस, बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट, हरियाणवी कविता, अंग्रेजी कविता, हिंदी कविता, मेहंदी, नुक्कड़ नाटक, पेंटिंग, पोस्टर मेकिंग, डिबेट, डिक्लेमेशन को शामिल किया गया। विजेता प्रतिभागियों को महाविद्यालय प्राचार्य द्वारा सम्मानित किया गया।




**नारनौल।** राष्ट्रीय पैरा एथलेटिक चैंपियनशिप के समापन समारोह में चैंपियनशिप ट्रॉफी के साथ हरियाणा की पैरा एथलेटिक टीम।

## राष्ट्रीय पैरा एथलेटिक चैंपियनशिप में भी हरियाणा बना चैंपियन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

- पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन ऑफ़ हरियाणा की अध्यक्ष आरती सिंह राव ने दी बधाई

खेल के क्षेत्र में देशभर में सिरमौर बने हरियाणा के पैरा एथलीटों ने भी चेन्नई में आयोजित 23वीं राष्ट्रीय पैरा एथलेटिक चैंपियनशिप में अपना जलवा दिखाते हुए चैंपियनशिप ट्रॉफी अपने नाम कर ली। राज्य के पैरा एथलीटों की ओर से चैंपियन ट्रॉफी जीतने पर पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन ऑफ हरियाणा की अध्यक्ष एवं हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने खिलाड़ियों को बधाई दी है और कहा है कि हौसलों के आगे कोई भी शारीरिक बाधा आड़े नहीं आती है, यह हमारे खिलाड़ियों के जोश व जज्बे ने साबित कर दिखाया है। कुमारी आरती सिंह राव ने कहा कि प्रदेश के खिलाड़ी तो मेहनती हैं ही, प्रदेश सरकार भी खिलाड़ियों को उनके खेल में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए हर संभव सहायता प्रदान कर रही है। राज्य सरकार की खेल नीति की बदौलत प्रदेश के खिलाड़ी सभी खेलों में अपनी धाक जमा रहे हैं। पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन ऑफ हरियाणा के महासचिव ज्योति छाबड़ा ने बताया कि इस प्रतियोगिता में हरियाणा के 172 खिलाड़ियों की टीम ने हिस्सा लिया था। जिनमें से 113 खिलाड़ियों ने मेडल प्राप्त कर प्रदेश को चैंपियनशिप ट्रॉफी दिलवाने में भागीदारी की। इनमें पुरुष खिलाड़ियों ने 66 मेडल और महिला खिलाड़ियों ने 37 मेडल जीते हैं। हरियाणा की टीम ने कुल 53 स्वर्ण पदक, 31 रजत पदक व 29 कांस्य पदक प्राप्त किए हैं। छाबड़ा ने बताया कि पैरालिंपिक कमेटी ऑफ इंडिया के तत्वावधान में तमिलनाडु पैरालिंपिक स्पोर्ट्स एसोसिएशन की ओर से चैन्नई तमिलनाडु में 23वीं राष्ट्रीय पैरा एथलेटिक चैंपियनशिप का आयोजन करवाया। जिसमें 25 राज्यों के 1350 दिव्यांग खिलाड़ियों पैरा एथलीट्स ने हिस्सा लिया। मेडल जीतने वाले खिलाड़ियों में मुख्य रूप से पैरा ओलिम्पियन अर्जुन अवार्डी नवदीप ने जेवलीन थ्रो में गोल्ड मेडल प्राप्त किया।

## उपमंडल व तहसील स्तर पर वीसी की सुविधा उपलब्ध कराने पर विचार: डीसी

- डीसी ने ली राजस्व विभाग के अधिकारियों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



**नारनौल।** राजस्व अधिकारियों की बैठक लेते डीसी डा. विवेक भारती।

उपायुक्त डा. विवेक भारती ने लघु सचिवालय में राजस्व विभाग के अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने विभिन्न विषयों पर विस्तार के साथ समीक्षा की। डीसी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि तहसील कार्यालयों में सभी प्रकार की बेहतर ढांचागत सुविधाएं उपलब्ध करवाना सरकार का मकसद है। उन्होंने कहा कि सभी उपमंडल व तहसील कार्यालय में धीरे धीरे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की सुविधाएं शुरू की जाएंगी, ताकि किसी भी प्रकार की मीटिंग व गवाही के लिए अधिकारी का समय बचे। आज के युग में नई तकनीक को अपनाना बहुत जरूरी है। उपायुक्त ने वर्ष 2023-24 में बनने वाली जमाबंदियों की समीक्षा की तथा बकाया इंतकाल को समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। वहीं ततीमा कटिंग की भी प्रगति रिपोर्ट ली। उन्होंने राजस्व कोर्ट केस के मामलों के बारे में भी जानकारी ली तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उपायुक्त ने ऑडिट नोट एवं धारा 47 ए में निकाली गई स्टांप ड्यूटी की वसूली पर भी जोर दिया। उन्होंने डीड रजिस्ट्रेशन के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिए।

### जान से मारने की धमकी देने में चार पर मामला दर्ज

**मंडी अटेली।** अटेली पुलिस ने एक व्यक्ति की शिकायत पर चार लोगों के खिलाफ मारपीट व जान से मारने की धमकी देने का मामला दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार गांव बेगपुर निवासी विजयपाल ने पुलिस में दी शिकायत में कहा कि गत नौ फरवरी को वह अपनी पत्नी के साथ प्लांट में सफाई करने गये थे जहां पर गांव के निवासी राजु , संदीप, हर्ष, सार्थक प्लाट मे अन्दर आये और धमकी देकर कहा कि बाहर निकल जाओ इस प्लांट पर अब वह कब्जा करेंगे। इसके बाद आपस मे कुछ कहा सुनी तो उक्त लोगों ने जान से मारने की नियत से डंडों से पिटाई करनी शुरू कर दी। मारपीट से घायल व्यवस्था में उपचार के लिए सामान्य अस्पताल में भर्ती हुए जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार देकर हायर सेंटर रेफर कर दिया।

## राष्ट्रीय आविष्कार सप्ताह का समापन समारोह का आयोजन

- जल है तो कल है: जिला शिक्षा अधिकारी संतोष चौहान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



**नारनौल।** कार्यक्रम में संबोधित करते जिला शिक्षा अधिकारी संतोष चौहान।

चरण-2 राष्ट्रीय आविष्कार सप्ताह 2024-25 के तहत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ताजपुर में जल संरक्षण कार्यक्रम का समापन किया। कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी संतोष चौहान ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य सत्यवीर ने की। जिला शिक्षा अधिकारी संतोष चौहान ने संबोधित करते हुए कहा कि जल है तो कल है। जरूरत के अनुसार ही पानी का उपयोग करें। जल संरक्षण से पानी की कमी से बचा जा सकता है। यह पर्यावरण और मानव जीवन के लिए बहुत जरूरी है। उन्होंने विद्यार्थियों को पूर्वजों के किस्से सुनाकर जरूरत के मुताबिक ही पानी का इस्तेमाल करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि हमारे पूर्वज थोड़े से पानी से ही नहा लेते थेए कपड़े भी साफ कर लेते थे और बिना साबुन के नहाते थे और कपड़े धोते थे। सप्ताह भर के दौरान विद्यार्थियों को जल संरक्षण भ्रमण यात्रा कराई गई। जल घर लहरोदा में पानी की सफाई एवं सप्लाई के साथ साथ जल संरक्षण की गतिविधियों की बच्चों ने विस्तार से जानकारी हासिल की।

## जिले के स्कूलों में मनाया गया अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

- विद्यार्थियों को मातृभाष के प्रति किया जागरूक

शिक्षा विभाग हरियाणा के दिशानिर्देशानुसार जिले के सभी राजकीय विद्यालयों में अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस मनाया गया। जिला शिक्षा अधिकारी संतोष चौहान ने कहा कि इस दिवस को मनाने का उद्देश्य विश्व में भाषायी एवं सांस्कृतिक विविधता और बहुभाषिता को बढ़ावा देना है। यूनेस्को की ओर से 21 फरवरी को अन्तरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के रूप में मनाया जाता है। अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस मातृभाषा के प्रति प्रेम और समर्पण की कहानी कहता है। इस दिवस के माध्यम से पूरे विश्व में यह संदेश प्रचारित और प्रसारित किया जाता है कि मातृभाषा बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक है। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सुभाष सामरिया ने मातृभाषा के महत्व के बारे में बताया कि बच्चा मातृभाषा के साथ मां की तरह सहज हो रहता है। यदि मातृभाषा के माध्यम से हम विद्यार्थी को शिक्षा देते हैं तो उसके श्रेष्ठ परिणाम प्राप्त होते हैं। जिला एफएलएन समन्वयक डा. विक्रम सिंह ने कहा कि छोटे बच्चों में कोमल भावनाएं होती हैं। मातृभाषा में बच्चा न केवल जल्दी सीखता है, बल्कि अपनी भावनाओं को भी संपूर्ण रूप में व्यक्त कर पाता है।

## अनुसूचित जाति का परिवार खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर

# दलित परिवार के आशियाने को फिर से हटाया, सीएम से गुहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



**मंडी अटेली।** महासर में पीड़ित परिवार अपने उजड़े हुए आशियाने के बाहर बच्चों के साथ बैठा हुआ। फोटो : हरिभूमि

अटेली खंड के गांव महासर में 40 साल से काबिज दलित परिवार के आशियाने को फिर से ग्राम पंचायत ने गुरुवार को पुलिस की सहायता से हटा दिया है। अनुसूचित जाति परिवार का परिवार नीले आसमान के नीचे रहने को मजबूर है। पीड़ित ने मुख्यमंत्री से आशियाने की गुहार लगाई है। बीडीपीओ ने कहा कि इस स्थान को ग्राम पंचायत ने अवैध कब्जा घोषित करार दिया है तथा इस स्थान पर विलेज नॉलेज सेंटर बनाने का प्रस्ताव देने पर सेंटर बनाया जाएगा। इससे पहले पंचायत ने इस स्थान को 6 जून को अवैध कब्जा को हटाया था। पंडित महेंद्र पाल ने बताया कि उस पंचायत व प्रशासन द्वारा तोड़ फोड़ कर बेदखल करने और आग लगने से घर का समस्त सामान राख हो गया था। तब से इस स्थान पर वह और उसका परिवार नीले आसमान के नीचे लालन पालन कर रहा था। इस दौरान उसने हाड़ कंपाने वाली ठंड में परिवार अपने दो बच्चों के साथ प्रशासन से सहायता की टकटकी लगाए हुए है। ग्राम पंचायत परिवार को 40 वर्षों से काबिज स्थान से हटाने के लिए आमादा है। इसी प्लाट के आधार पर पीड़ित के पास बिजली कनेक्शन, आधार कार्ड, वोटर कार्ड व अन्य सभी दस्तावेज हैं। पीड़िता शीलवंती के कथनानुसार उन्हें यह प्लाट 40 साल पहले पंचायत व गांव के मौजिज लोगों द्वारा रिहायश के लिए दिया गया था, जिसमें दो कच्चे मकान बनाकर हम अपना जीवनयापन कर रहे थे। मार्च, 2024 को छोड़कर गत 40 साल में हमें पंचायत या प्रशासन द्वारा कोई नोटिस नहीं दिया गया और अब पंचायत चुनावों में वोट न देने की रंजिश को लेकर मौजूदा सरपंच ने हमें बेदखल करवा कर प्रशासन द्वारा हमारे कच्चे मकानों को तोड़ दिया व मकान को आग के हवाले कर दिया। हमारी 15 हजार ईंटें भी प्रशासन उठाकर ले गया था। मकान में रखी नकदी, जेवरात, कपड़े, बिस्तर और बच्चों के पाठ्यक्रम व मूल प्रमाणपत्र आदि सभी जलकर राख हो गए थे। पाठ्यक्रम के अभाव इस परिवार के बच्चों का भविष्य भी अंधकारमय हो गया है। प्रशासन द्वारा उल्टा हमारे ऊपर ही केस बनाकर मुझ महेंद्र, देवर मुकेश व 17 वर्षीय नाबालिग पुत्र को जेल भिजवा दिया।

### वीलेज सेंटर बनाएंगे

बीडीपीओ नवदीप ने बताया कि ग्राम पंचायत इस स्थान पर वीलेज सेंटर बनाएगी। इस व्यक्ति ने अवैध कब्जा किया हुआ था। कोर्ट के आदेश पर पहले वाली कार्रवाई हुई थी, अब पुनः इस स्थान पर यह रहने लग गया था। इसलिए इसको हटाया गया, जब प्लॉट दिए जाएंगे, तब इसे सबसे पहले वरीयता में रखा जाएगा।

## खबर संक्षेप

### रविदास महासभा की बैठक कल

**नारनौल।** गुरु रावदास महासभा की आम बैठक 23 फरवरी सुबह 11 बजे गुरु रविदास आश्रम दीदासर में बलबीर सिंह बाबेरवल की अध्यक्षता में होगी। जिसका संचालन सभा के महासचिव रमेश चंद करेंगे। बैठक में हाल में आयोजित गुरु रविदास जयंती के आय व खर्च का विवरण प्रस्तुत कर अनुमोदन किया जाएगा।

### स्लम जागृति समिति की बैठक 24 को

**नारनौल।** स्लम जागृति समिति कार्यकारिणी की बैठक 24 फरवरी को सुबह 11 बजे समिति के प्रधान भागीरथ मल खनगवाल की अध्यक्षता में होगी। समिति के महासचिव नितिन इंदौर ने बताया कि बैठक में संगठन को मजबूत करने व संगठन की ग्राम स्तर पर इकाइयां गठित करने के बारे में विचार विमर्श किया जाएगा।

### विद्यार्थियों को बताए दांत स्वस्थ रखने के तरीके

**कनीना।** सीएचसी सेहलंग के अंतर्गत गांव पाथेड़ी राजकीय प्राथमिक पाठशाला में दंत जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें चिकित्सकों ने विद्यार्थियों के दांतों की जांच कर खाना खाने के बाद सफाई करने को कहा। डा. रिंकु शर्मा, डा. हितेष अरोड़ा के साथ आरबीएसके की टीम ने विद्यार्थियों के दांतों का परीक्षण कर उन्हें साफ सुथरा रखने के निर्देश दिए।

### करंट की चपेट में आने से भैंस की मौत

**नारनौल।** गांव भोजावास में बिजली खम्बे के साथ लगे टेलीफोन खम्बे में करंट आने से भैंस की मौत हो गई। गांव का एक किसान पशुओं को प्लाट में लेकर जा रहा था। रास्ते में पशु टेलीफोन खम्बे के सम्पर्क में आ गया। बिजली खम्बे को स्पॉट देने के लिए तार की सहायता से टेलीफोन खम्बे से बांध रखा है और साथ एक तार भी टच है, इससे करंट आ गया।

# अटेली में बहुउद्देशीय केंद्र नहीं, समारोह कराने में परेशानी

- कस्बे के मतदाता बोले, जो बनवाएगा बहुउद्देशीय केंद्र, उसे ही देंगे वोट, दो मार्च को होना चुनाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंडी अटेली

अटेली नगरपालिका के दो मार्च को होने वाले चुनावों को लेकर अटेली कस्बे में खासी चर्चा चलती रहती है, वहीं चेयरमैन व पार्षद प्रत्याशियों ने प्रचार तेज कर दिया है। प्रत्याशियों ने अपने चुनावी कार्यालय खोल कर मतदाताओं को लुभा रहे हैं। अटेली कस्बे में कुल 12 वार्डों 6331 मतदाता हैं, जो पहली बार चेयरमैन का चुनाव प्रत्यक्ष रूप से करेंगे। हरिभूमि ने नपा के हर वार्ड व कस्बे की समस्याओं व विकास की जरूरत को जानने के लिए परिक्रमा की। अटेली मंडी में सामुदायिक भवन नहीं से कस्बे के लोगों शादी-विवाह करने के लिए निजी समारोह स्थलों को बुक करना पड़ता है। जिन लोगों की आर्थिक स्थिति ठीक हो वो लोगों तो समारोह स्थल बुक कर अपने कार्यक्रम खुशी-खुशी कर लेते हैं। कस्बे में बाल्मीकि जाति, नट, जांगिड़, अहीर, गरीब ब्राह्मण, वैश्य आदि कमजोर तबकों को अपने वैवाहिक व दूसरे कार्यक्रम करने के लिए आर्थिक कर्ज का बोझ उठाना पड़ता है। अटेली कस्बावासी गौरव गर्ग, संदीप जांगिड़ व आनंद शर्मा आदि ने बताया कि अटेली कस्बे की आबादी करीब 18 हजार है। अटेली नपा 1952 से स्थापित है, लेकिन समारोह स्थल या बहुउद्देशीय केंद्र नहीं बनाया गया है। लोगों का कहना है कि उन्हीं नये पार्षद व कस्बे के लिए चेयरमैन का चुनाव करेंगे जो इस वादे को पूरा करेगा। इसके अलावा कस्बे में गंदे पानी की समुचित निकासी नहीं होने से बारिश के दिनों में जलभराव हो जाता है। इस कारण पुराने अड्डे व अनाज मंडी पानी से भर जाता है। अटेली नपा के अंतर्गत आने वाला अधिकतर क्षेत्र अवैध होने से कस्बे के लोगों का मकान बनाने के लिए ऋण आदि नहीं ले पा रहे हैं। पुराने अड्डे के समीप होने के कारण बारिश की निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं है, जलभराव हो जाता है।


मंडी अटेली। अटेली नगरपालिका भवन।

### मतदाताओं के पास दे रहे हाजिरी

नपा के चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों ने अपने पक्ष में मतदाताओं को लुभाने के लिए होर्डिंग्स व अन्य प्रचार के माध्यमों से लोगों के पास हाजरी दे रहे हैं। अबकी बार मुख्य चुनावी मुद्दों में कस्बे में पार्क, मल्टीपरपज हाल, गंदे पानी की निकासी का नाले का दोनों तरफ निर्माण करवाना, शहर में दूसरे स्थानों पर सुलभ शौचालय की खास जरूरत है। चेयरमैन का चुनाव प्रत्यक्ष रूप में होने से रोचकता बनी हुई है।

# सतीश आर्य रिटायर्ड कर्मचारी संघ के ब्लॉक चेयरमैन बने

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कनीना

रिटायर कर्मचारी संगठन के पदाधिकारियों की बैठक शुक्रवार को आयोजित की गई। जिसमें कनीना ब्लॉक के लिए त्रिवार्षिक चुनाव करवाए गए। जिसमें सतीश आर्य को चेयरमैन, सूरजभान को प्रधान, नितांनद व लीलाराम को उपप्रधान, बाबूलाल को सचिव, ओमकार को मुख्य संगठनकर्ता, रामौतार को कोषाध्यक्ष, दिलीप, दयाराम, रोहतास को प्रचार सचिव, बलवीर व रामनिवास को मुख्य सलाहकार, बलवीर व रामकिशन सदस्य चुने गए। इस बैठक में प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल यादव व महेंद्र सिंह शामिल थे। जिन्होंने प्रदेश सरकार से पांच सूत्री मांगों कैशलेस मेडिकल, कम्युनिटी रिकवरी 15 वर्ष की बजाय 12 वर्ष में करने, परिवार पेंशन को एलटीसी सुविधा देने, चिकित्सा भत्ता तीन हजार रुपये करने, 65, 70 व 75 वर्ष उपरांत पांच, 10 व 15 फीसदी वृद्धि बेसिक वेतन में करने पर बल दिया। जयपाल यादव ने कहा कि मांगों को लेकर पिछले वर्षों से आंदोलन किए गए हैं, लेकिन सरकार ने मांगों को अनदेखा कर रही है। इस मौके पर बिहारीलाल, अतर, रामकिशन, दयाराम, बलबीर मौजूद थे।

## नगर पालिका चुनाव: रेंडमाइजेशन से पोलिंग पार्टियों की ड्यूटी लगाई

# पोलिंग पार्टियों की पहली ट्रेनिंग 24 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

उपायुक्त डा. विवेक भारती ने नगर पालिका अटेली व कनीना में दो मार्च को होने वाले चुनावों को लेकर अधिकारियों की बैठक ली। इस अवसर पर एनआईसी के ऑनलाइन सॉफ्टवेयर के जरिए रेंडमाइजेशन करते हुए पोलिंग पार्टियों की ड्यूटी लगाई। डीसी ने बताया कि अब 24 फरवरी को पोलिंग पार्टियों की दूसरी रेंडमाइजेशन प्रक्रिया के माध्यम से नगर पालिका वाइज ड्यूटी तय कर दी जाएगी। इससे पहले 24 फरवरी को दोपहर 12 बजे राजकीय पीजी कॉलेज के सभागार में सभी पोलिंग पार्टियों की जिला स्तर की पहली ट्रेनिंग करवाई जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस प्रशिक्षण के लिए सभी प्रकार की तैयारी पूरी कर लें। उन्होंने कहा कि प्रजातंत्र में चुनाव बहुत ही महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। ऐसे में अधिकारी सुनिश्चित करें कि किसी भी स्तर पर कोई चूक ना हो। इस मौके पर महेंद्रगढ़ के एसडीएम अनिल कुमार यादव, नांगल चौधरी के एसडीएम मनोज कुमार, कनीना के एसडीएम व आरओ डा. जितेंद्र सिंह, नगराधीश मंजीत कुमार, डीआईओ प्रशांत कुमार, सिस्टम एनालिस्ट राजकुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।


नारनौल। रेंडमाइजेशन प्रक्रिया के दौरान मौजूद डीसी डा. विवेक भारती व अन्य।

नपा चुनाव को लेकर कनीना में सुनाई देने लगा भोंपू का शोर

कनीना। आगामी दो मार्च को होने वाले नगर पालिका चुनाव को लेकर चेयरमैन पद के लिए सात महिला उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। इनके अलावा 14 वार्डों से 41 मेंबर प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। मतदान के लिए प्रत्याशियों ने मतदाताओं से संपर्क करना शुरू कर दिया है। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस की ओर अटेली मोड़, रेवाड़ी कोसली रोड सहित विभिन्न स्थानों पर नाके लगाए गए हैं। चुनाव की तारीख ज्यों ज्यों नजदीक आती जा रही त्यों त्यों कनीना में भोंपू का शोर बढ़ता जा रहा है।

### अटेली व कनीना नपा क्षेत्र में चुनाव प्रक्रिया पूरी होने तक धारा 163 लागू

नारनौल। जिलाधीश डा. विवेक भारती ने अटेली व कनीना नगर पालिका क्षेत्र में दो मार्च को होने वाले नगर पालिका आम चुनाव व 12 मार्च को होने वाली मतगणना को ध्यान में रखते तुरंत प्रभाव से धारा 163 लागू की है। जिलाधीश ने आदेशों में स्पष्ट किया है कि नगर पालिका समिति अटेली व कनीना के क्षेत्र में किसी विस्फोटक पदार्थ व हथियार जैसे लाइसेंसी शस्त्र, आग्नेयास्त्र, तलवारें, लाठियां, बरछा, कुल्हाड़ियां, जेली, गंडासा, चाकू, साइकिल चेन व अन्य हथियार सिखों के वास्तविक धार्मिक प्रतीक के रूप में प्रयुक्त म्यान वाली कृपाण को छोड़कर अन्य सभी पर पाबंदी लगाई है। यह आदेश ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों एवं अन्य लोक सेवकों पर लागू नहीं होगा। इन आदेशों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 एवं कानून के अन्य सुसंगत प्रावधानों के अनुसार सख्ती से निपटा जाएगा।

### कनीना में स्वछता जैसे मुद्दे बन रहे अहम


कनीना। कनीना में गंदगी से अटे नाले।

**कनीना।** नगर पालिका क्षेत्र में साफ सफाई व गंदे पानी की निकासी के लिए आमजन तरस रहा है। जिसे लेकर चुनाव मैदान में उतरे उम्मीदवारों से उम्मीद लगा रहे हैं। नपा के आम चुनाव में यही मुख्य मुद्दा बना हुआ है। कनीना की भौगौलिक स्थित के मुताबिक निचले क्षेत्र में बने जोहड़ ओवरफ्लो होने व निकासी का गंदा पानी सड़कों पर आने से नागरिकों का गुजरना दुश्वार हो जाता है। गंदा पानी जमा होने से अनेक नागरिक टाइफाइड जैसे रोग से ग्रस्त हो रहे हैं। उनकी ओर से नगर पालिका प्रशासन को शिकायत भी दी गई थी, लेकिन स्थाई समाधान नहीं हो सका है। प्रदेश सरकार व जिला प्रशासन की ओर से आवारा गोवंश को गोशाला में भेजे जाने की अनेक बार घोषणा करने के बावजूद आवारा गोवंश सड़कों पर घूम रहा है। जिनसे सड़क हादसों को बढ़ावा मिल रहा है।


नारनौल। प्रतियोगिता की विजेताओं को सम्मानित करते हुए।

### प्रतियोगिता में निक्की प्रथम

**नारनौल।** जन स्वास्थ्य अभियांत्रिक विभाग की ओर से जल एवं स्वच्छता सहायक संगठन ने राजकीय उच्च विद्यालय खटोटी कलां में जल जीवन मिशन के तहत निबंध व पेंटिंग प्रतियोगिता करवाई। इस अवसर पर जल की स्वच्छता व जल के संरक्षण के बारे में शास्त्री हरिकिशन गौड़ ने बच्चों को बताया कि स्वच्छ जल से ही आज के प्रदूषित जीवन शैली से बचाव हो सकता है, क्योंकि प्रदूषित जल ही बीमारियों की जड़ है। इन्होंने बताया कि जल का संरक्षण भी जीवन में बहुत जरूरी है, क्योंकि धीरे धीरे वर्तमान युग में पीने के पानी की बहुत ही गंभीर समस्या बनी हुई है, इसलिए हमें सभी को जल को व्यर्थ नहीं बहाना चाहिए। इस अवसर पर विद्यालय मुखिया संजीव कुमार ने छात्रों को जल के बचाव के बारे में बताया। इस अवसर पर विभाग की तरफ से बीआरसी इंद्रजीत ने प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर निक्की, द्वितीय यशस्वी व तृतीय निशु को मोमेंटो व प्रशस्ति पत्र प्रदान किए। इस मौके पर शास्त्री हरिकिशन गौड़, ओमप्रकाश पीटीआई, करण सिंह मुख्य शिक्षक, अजीत सिंह, प्रदीप, अशोक कुमार आदि मौजूद थे।

# स्कूल में विदाई पार्टी का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

गुरु द्रोणाचार्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ढाणी किरारोद में विदाई पार्टी का आयोजन किया गया। जिसमें 11वीं कक्षा के बच्चों ने 12वीं कक्षा के सम्मान में पार्टी का आयोजन किया। सर्वप्रथम संस्था के अध्यक्ष अजय कुमार व प्राचार्य नेतराम सैनी ने अन्य स्टाफ सदस्यों के साथ मिलकर मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विद्यालय के अध्यक्ष अजय कुमार ने अपने वक्तव्य में कहा कि स्कूल ने आपको न केवल शिक्षा दी है, बल्कि जीवन के महत्वपूर्ण सबक भी सिखाए हैं। यहां बिताए गए पलों को आप कभी भूल नहीं पाएंगे। विद्यालय के प्राचार्य नेतराम सैनी ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षकों का स्नेह, सहपाठियों का साथ और विद्यालय के हर कोने की यादें हमेशा आपके दिल में बसेंगी। बच्चों को जीवन में संस्कार के महत्त्व पर विस्तृत जानकारी दी। छात्रा अंतिम को मिस फेयरवेल चुना गया। इस मौके पर विद्यालय की एमडी पूजन सैनी, वाइस चेयरमैन कुलदीप सैनी, धर्मपाल, प्रवीण सैनी, अंकित सैनी, मनोज कुमार, कृष्ण कुमार शर्मा, मुकेश कुमार, सुनीता मौजूद रहे।


नारनौल। विदाई पार्टी के दौरान विद्यार्थी व स्टाफ। फोटो: हरिभूमि

# आरपीएस की अनुष्का और रेहान का बेहतरीन प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ

गांधीयन सोसायटी द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय वीडियो भाषण प्रतियोगिता में आरपीएस के दो विद्यार्थियों अनुष्का व रेहान ने 10-10 हजार रुपये के नकद पुरस्कार जीतकर विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर ग्रुप चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव, सीईओ इंजी. मनीष राव, डिप्टी सीईओ कुनाल राव, प्राचार्य डॉ. किशोर तिवारी, विंग हैड अनिता अहलावत ने बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव ने कहा कि विद्यालय के विद्यार्थी आज शिक्षा व खेलों के अलावा जिला, राज्य, राष्ट्रीय व अन्यर्राष्ट्रीय स्तर की अन्य प्रतियोगिता में भी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं।


महेंद्रगढ़। विद्यार्थी अनुष्का व रेहान।

# सिंघानिया विवि शैक्षिक भ्रमण का केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ

सिंघानिया विश्वविद्यालय में हाल ही में विभिन्न स्कूलों के छात्रों ने शैक्षिक भ्रमण किया। इन शैक्षिक दौरों का उद्देश्य छात्रों को व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करना और उन्हें विभिन्न क्षेत्रों में प्रेरित करना है। इन दौरों पर स्कूली छात्रों ने विश्वविद्यालय के विभिन्न संकाय, प्रयोगशाला, पुस्तकालय और अन्य आधुनिक सुविधाओं का अवलोकन किया। विश्वविद्यालय के प्रोफेसरों ने छात्रों को उच्च शिक्षा, शोध कार्य और कैरियर के विभिन्न अवसर के बारे में जानकारी दी। भ्रमण में शामिल छात्रों ने विश्वविद्यालय के भौतिकी, रसायन विज्ञान, कंप्यूटर विज्ञान, जीव-विज्ञान, कानून आदि विषय की अत्याधुनिक प्रयोगशाला और पुस्तकालय में जाकर विभिन्न शैक्षिक गतिविधियों को नजदीक से देखा और अन्य विषयों से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त की। कुछ छात्रों ने अपने अनुभवों में कहा कि यह यात्रा उनके लिए प्रेरणादायक रही और उन्होंने उच्च शिक्षा के नए अवसर के बारे में जाना। यह अनुभव उनके भविष्य की पढ़ाई के लिए बहुत सहायक रहेगा।


महेंद्रगढ़। सिंघानिया विश्वविद्यालय का भ्रमण करती छात्राएं। फोटो: हरिभूमि

# छह घंटे बिजली नहीं आएगी

**महेंद्रगढ़।** बिजली निगम की ओर से बालाजी चौक पर पोल बदलने को लेकर शनिवार को बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। बिजली निगम के जेई वेदप्रकाश ने बताया बालाजी चौक पर वीरवार की रात को अज्ञात वाहन ने पोल को टक्कर मार दी, जिसकी वजह से पोल टूट गया। शनिवार को निगम की ओर से पोल को बदला जाएगा, जिसके कारण बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। बिजली सुबह 10 बजे से शाम तीन बजे तक बाधित रहेगी। उन्होंने बताया कि शनिवार को सब्जी मंडी रोड, सिनेमा रोड, आईटीआई रोड व नागरिक अस्पताल की बिजली बाधित रहेगी। बिजली निगम के अधिकारियों ने लोगों का आह्वान किया कि वे अपना कार्य समय पर निपटान करें।

### समाज हित में काम करना एनएसएस : राहुल वर्मा

**महेंद्रगढ।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में आयोजित किए जा रहे सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना वार्षिक शिविर के तीसरे दिन स्वयंसेवकों ने अपने सेवा कार्यों और समाज में किए गए प्रयासों को प्रस्तुत किया। इसके बाद स्वयंसेवकों के मनोरंजन और टीम भावना को बढ़ावा देने के लिए खेल का आयोजन किया गया। आयोजन में मुख्यातिथि राहुल वर्मा ने एनएसएस स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वयंसेवक का मुख्य उद्देश्य केवल समाज के लिए कार्य करना होना चाहिए।



महेंद्रगढ़। स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए राहुल वर्मा।

### विधायक ने पोस्टर का विमोचन किया

**महेंद्रगढ़।** विश्वरंग अंतरराष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड द्वारा 14 से 30 सितंबर तक भोपाल में आयोजित होने वाले कार्यक्रम के तहत विधायक कवर सिंह यादव ने अंतरराष्ट्रीय हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में पोस्टर विमोचन किया। विधायक कंवर सिंह यादव ने कहा कि अधिक से अधिक युवाओं को इसमें बढ़ चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम हिंदी भाषा साहित्य कला एवं संस्कृति को वैश्विक स्तर पहचान दिलाने का प्रयास करता है। यह ओलंपियाड न केवल हिंदी भाषा को बढ़ावा देने का माध्यम बनेगा, बल्कि रोजगार उन्मुख एवं संचारित भाषा के रूप में भी हिंदी को स्थान दिलाएगा। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य वैश्विक स्तर पर हिंदी को लोकप्रिय बनाना, नई पीढ़ी को इससे जोड़ने और भाषा का सरल आदान-प्रदान है। कार्यक्रम में विजेता प्रतिभागियों को करोड़ों रुपये की राशि दी जाएगी। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय विधि विभाग के विभाग प्रतिनिधि ध्रुव मोदी ने बताया कि इस तरह के कार्यक्रम हमारे देश की अद्भुत छटा पर आधारित है।


महेंद्रगढ़। पोस्टर का विमोचन करते विधायक कवर सिंह यादव।

रिजल्ट | बुनियाद लेवल-2 का परीक्षा परिणाम जारी

# 121 छात्रों और 106 छात्राओं को सफलता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

बुनियाद लेवल-दो की परीक्षा 28 जनवरी को आयोजित हुई थी। जिसका परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया गया है। जिसमें महेंद्रगढ़ जिले के 227 विद्यार्थियों ने परीक्षा उत्तीर्ण की है। इनमें 121 छात्र व 106 छात्राएं शामिल है। अब यह विद्यार्थी बुनियाद लेवल-तीन को परीक्षा देंगे। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बोचड़िया से पीयूष सोनी, राजकीय माध्यमिक विद्यालय झगड़ोली से संदीप व राजकीय माध्यमिक विद्यालय पालरी पनिहारा से वंश ने जिला स्तर पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए टॉप तीन मे जगह बनाई हैं। राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय महेद्रगढ़ से सबसे अधिक नौ विद्यार्थियों का बुनियाद लेवल-तीन की परीक्षा के लिए चयन हुआ है। बता दें कि हरियाणा सरकार व विकल्प फाउंडेशन की ओर से चलाया जा रहे मिशन बुनियाद कार्यक्रम की शुरूआत वर्ष 2022 में की गई थी। पूरे हरियाणा में शिक्षा विभाग की ओर से इस योजना के तहत नौवीं व 10वीं कक्षा के 5000 से अधिक विद्यार्थी 103 केंद्रों मे कुल 206 कक्षा केंद्र पर शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। मिशन बुनियाद के अंतर्गत नौवीं व 10वीं कक्षा के छात्रों के लिए एक डिजिटल प्लेटफॉर्म की शुरूआत की गई है। हरियाणा सरकार एवं शिक्षा विभाग की ओर से जिले में चार मिशन बुनियाद सेंटर राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय महेद्रगढ़, राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नारनौल, राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अटेली व राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कनीना बनाए गए है। राजकीय स्कूलों में चल रहे बुनियाद कार्यक्रम में बच्चों को निःशुल्क वर्दी, पाठ्य पुस्तकें, टैबलेट व बुनियाद सेंटर तक आने जाने के लिए भत्ता दिया जाता है। जिला विज्ञान विशेषज्ञ रविन्द्र कुमार ने बताया कि बुनियाद लेवल-तीन की परीक्षा में कक्षा छः, सात, आठवीं के गणित विषय से पांच सब्जेक्टिव प्रश्न पूछे जाएंगे। लेवल-एक व लेवल-दो की परीक्षा में ऑब्जेक्टिव प्रश्न पूछे गए थे।

### छात्रों के लिए लिंक जारी किया

जिला शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार ने बताया कि शिक्षा विभाग की ओर से मिशन बुनियाद लेवल-दो का परिणाम जारी किया गया है। जिसे खंड शिक्षा अधिकारियों के माध्यम से सभी विद्यालयों से सांझा कर दिया गया है, साथ ही विभाग ने लिंक जारी किया है। जिसके माध्यम से विद्यालय बुनियाद लेवल-दो का परिणाम देख सकते है।

### सामाजिक संगठनों ने किया एसडीएम का स्वागत



**महेंद्रगढ़।** क्षेत्र के सामाजिक संगठनों के लोगों ने शुक्रवार को एसडीएम अनिल कुमार को गुलदस्ता भेंटकर स्वागत किया। इस दौरान समाजिक संगठनों न सम्मान देते हुए शहर व क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया। एसडीएम अनिल कुमार ने अधिकारियों को लोगों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर त्वरित समाधान करने के निर्देश दिए कि आमजन को मूलभूत सुविधाएं बेहतर तरीके से उपलब्ध करवाने के लिए सभी संबंधित विभागों के अधिकारी आपस में बेहतर तालमेल के साथ काम करें।

# हकेंवि कुलपति ने किया हिंदी ओलंपियाड पोस्टर का लोकार्पण


महेंद्रगढ़। हिंदी ओलंपियाड के पोस्टर का लोकार्पण करते कुलपति।

**महेंद्रगढ़।** मातृभाषा दिवस के उपलक्ष्य में हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार द्वारा विश्व रंग अंतरराष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड के पोस्टर का लोकार्पण किया गया। कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने विद्यार्थियों को पूरे उत्साह के साथ इस आयोजन में प्रतिभागिता करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही उन्होंने मातृभाषाओं के प्रयोग को बढ़ावा देने की अपील भी की। कुलपति ने कहा कि भाषाएं एकता का सूत्र होती हैं। विश्व-बंधुत्व की परिकल्पना को भाषाओं के संवर्धन के माध्यम से ही साकार किया जा सकता है। हिंदी भाषा के प्रचार-प्रसार और संवर्धन की ओर अग्रसर होते हुए विश्वरंग फाउंडेशन, रविंद्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय एवं टैगोर अंतरराष्ट्रीय हिंदी केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में 14 सितंबर से 30 सितंबर 2025 तक विश्व रंग अंतर्राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड का आयोजन किया जा रहा है। भारत सहित विश्व के 50 से अधिक देशों में इसका आयोजन किया जाएगा।

### चोरी की बाइक सहित पकड़ा

**नारनौल।** वाहन चोरी के मामले में कार्रवाई करते हुए थाना अटेली पुलिस ने चोरी की बाइक लेकर घूम रहे एक आरोपित को गिरफ्तार किया है, जिसकी पहचान बिरेंद्र वासी बेगपुर अटेली के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपित के पास से चोरी की बाइक बरामद कर ली है। आरोपित ने उनिंदा अटेली से बाइक चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। आरोपित से पूछताछ में एक और चोरी की वारदात का खुलासा हुआ। आरोपित को न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

**सूचना**

मैं, सुकरमपाल पुत्र लछमीनारायण निवासी बैरावास, तहसील व जिला महेन्द्रगढ़ बयान करता हूं कि मेरा पुत्र पंकज तथा मेरी पुत्रवधु नेहा पाण्डे मेरे कहने–सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इनसे लेन–देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप

### खेतों में रहने वालों को मिलेगा बिजली कनेक्शन



**नारनौल।** प्रदेश सरकार ने खेतों में बसे डेरों और ढाणियों में रहने वाले लोगों को बिजली निगम ने बिजली कनेक्शन देने का निर्णय लिया है। इस बाबत दक्षिण हरियाणा बिजली निगम के चीफ इंजीनियर कॉमर्शियल ने अधीनस्थ एसई, एक्सन एवं एसडीओ आदि को इस बाबत पत्र जारी कर आवश्यक दिशा–निर्देश जारी किए हैं। उल्लेखनीय है कि अब तक ट्यूबवेल कनेक्शन से ही इन जगहों पर बिजली पहुंच रही थी, लेकिन गांव की मुख्य फिरनियों से डेरा–ढाणी तक सीधी लाइन जोड़ी जाएगी तथा इसकी कुल लागत का 50 प्रतिशत खर्च यानि आधा खर्च उपभोक्ताओं को देना होगा। बाकी बिजली निगम वहन करेगा।

### रामपुरा के हनुमान मंदिर में मेला व भंडारा आज

**मंडी अटेली।** अटेली क्षेत्र के गांव रामपुरा में 22 फरवरी को पहाड़ की तलहटी पर स्थित हनुमान मंदिर में मेला व भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। जानकारी देते हुए ग्रामीणों ने बताया कि मेले में 50 रुपये से लेकर 31 हजार रुपये तक की कुश्ती करवाई जाएंगी। कबड्डी डू एंड डाई स्टाइल की करवाई जाएगी, जिसमें प्रथम स्थान पर आने वाली टीम को 5100 रुपये व द्वितीय स्थान पर आने वाली टीम को 3100 रुपये पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा।

### शराब के लिए पत्नी को पीटने वाला गिरफ्तार

**नारनौल।** शराब के लिए पैसे देने से मना करने पर पत्नी के सिर में चोट मारने के मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपित सतपाल वासी बड़कोदा को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपित से पूछताछ कर लकड़ी का फट्टा बरामद किया है। आरोपित को न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। शिकायतकर्ता बन्टी पत्नी सतपाल वासी बडकोदा ने दी शिकायत में बताया कि वह घरेलू कार्य करती है। उसका पति सतपाल शराब पीने का आदी है। उसकी सास खेत में पशुओं का चारा लेने के लिए निकले थे। मकान से थोड़ी दूरी पर उसके पति ने रास्ता रोक लिया और शराब के लिए रुपये मांगने लगा, मना करने पर उनके साथ झगड़ा करने लगा और पास में पड़ी लकड़ी उठाकर उसके सिर में दे मारी।



### मार्बल के गोदाम में आग से सामान जलकर राख

**मंडी अटेली।** अटेली मंडी के कनीना रोड पर शिवा मार्बल के गोदाम में अज्ञात कारणों के चलते आग लगने से लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। इस मौके पर फायर ब्रिगेड पहुंचकर आग पर काबू पाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार को दोपहर एक बजे शिव मार्बल के कनीना गोदाम में रखे मकान के इंटीरियर का लाखों रुपये जल गया। इसकी सूचना तुरंत फायर ब्रिगेड को दी गई, जिसने मौके पर पहुंच कर आग पर काबू पाया।

## नगर पालिका प्रशासन ने हटवाया कब्जा

# नगर पालिका प्रशासन हुआ सख्त, बाजार में बढ़ते अतिक्रमण को लेकर चौथे दिन भी जारी रहा अभियान, कार्रवाई से दुकानदारों में खलबली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

नगर पालिका प्रशासन शहर में बढ़ते अतिक्रमण को लेकर सख्त हो गया है। बीते दिन की कार्रवाई के बाद शुक्रवार को भी नगर पालिका की ओर से बाजार में दुकानदारों द्वारा रोड पर किए हुए कब्जे को हटाया गया। इसके अलावा मिष्ठान भंडार की दुकान के बाहर रखे काउंटर को अंदर करवाया गया था काउंटर के नीचे रखे मैट इत्यादि सामान को अपने कब्जे में लिया गया। इसके अतिरिक्त टीम ने दुकान के बाहर रखी लोहे की सीढ़ियों को भी अपने साथ ले गए हैं। इसके अलावा रोड पर रखे फ्लैक्स को भी उठाकर पालिका वाहन में डाला। अभियान का नेतृत्व दरोगा राजेंद्र कुमार, सुमित उर्फ रिंकू व अनिल की देखरेख में चलाया गया। अभियान के दौरान पालिका कर्मचारियों ने शहर के मेन बाजारों में रोड पर अतिक्रमण करने वाले लोगों के सामान को उठाकर पालिका वाहनों में डाल लिया। पालिका की इस कार्रवाई को देखकर अन्य व्यापारियों ने पहले ही अपना रोड पर रखा सामान समेटकर दुकानों के अंदर कर लिया। नगर पालिका प्रशासन का यह अभियान सब्जी मंडी रोड, आईटीआई रोड सहित अन्य प्रमुख बाजार में चलाया गया।

बता दें कि शहर के अंदरूनी हिस्से की यातायात व्यवस्था चरमरा गई है। सड़कों पर दुकानदारों द्वारा अतिक्रमण के चलते लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बाजार के हालत इतने खराब है कि चौड़ी सड़कें दुकानें खुलते ही सिकुड़ने लगती है। दोनों ओर के दुकानदार सड़कों को ही शोरूम बना सामान रख दिया जाता है। बाकि सड़क पर दुकानदार और ग्राहकों के वाहन खड़े हो जाते हैं। ऐसे में राहगीरों और वाहन चालकों के हिस्से बमुश्किल एक चौथाई सड़क ही आती है। बाजार क्षेत्र में सुबह से लेकर देर रात यातायात में अवरोध पैदा होने से राहगीर परेशान हैं। शहर के व्यस्ततम क्षेत्र में शुमार सब्जी मंडी से सराफा बाजार व शंकर मार्केट जाने वाले मार्ग से गुजरने से लोग कतराने लगे हैं। इस पर मार्ग पर दिनभर जाम लगता है। इस मार्ग पर किराना, स्टेशनरी, धार्मिक सामग्री, मेडिकल, स्कूल सामग्री, कपड़ा, सब्जी की रेहड़िया, मिठाई भंडार, जेवलर्स सहित अन्य जरूरी सामानों की दुकानें हैं। दुकानदारों ने शेडों के जरिए तो कई दुकान सामान और शोकेस के लिए सड़कों पर दुकान खुलते ही अतिक्रमण कर लेते हैं। यहां आने वाले लोग भी सड़कों पर ही गाड़ी खड़ी करके खरीदारी करते हैं। जिससे मार्ग पर सुबह 10 बजे से लेकर शाम सात बजे तक गहमा-गहमी बनी रहती है। इसी बीच यदि कोई चार पहिया वाहन या रेहड़ी मार्ग पर आ जाता है तो यातायात ठप हो जाती है। यह स्थिति दिन में कई बार बन जाती है। जाम से विवाद की स्थिति तक बन जाती है। इसी को देखते हुए नगर पालिका प्रशासन यह कार्रवाई की हैं।



35 महेंद्रगढ़। काउंटर के नीचे रखे सामान को अपने कब्जे में लेते कर्मचारी।

### दुकानदारों ने की विधायक से मुलाकात

अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत बुधवार को शहर के आईटीआई रोड, तुलाराम चौक, बस स्टैंड के सामने, हुड्डा पार्क व आईटीआई के सामने से दुकानों के बाहर लगे टीन शेड और पक्के अतिक्रमण को हटाया गया था। इस दौरान टीनशेड को भी बुलडोजर की सहायता से हटाया गया था। इस दौरान दुकानदारों ने टीम का काफी विरोध किया था। वीरवार को आईटीआई रोड के दुकानदारों ने विधायक कंवर सिंह यादव से मुलाकात की। दुकानदारों ने कहा कि नगर पालिका की ओर से बार-बार दुकानदारों को बेवजह परेशान किया जा रहा है। विधायक ने कहा कि जल्द ही नपा के अधिकारियों से मिलकर इसके बारे में जानकारी ली जाएगी।

### अतिक्रमण नहीं होगा बर्दाश्त

कोई दुकानदार बार-बार अतिक्रमण करता हुआ पकड़ा गया तो उसके खिलाफ सख्त से सख्त कदम उठाया जाएगा। नगर के मुख्य मार्गों पर बढ़ते अवैध कब्जा नगर की सुंदरता व यातायात व्यवस्था को बनाए रखने के लिए काफी गंभीर समस्या है। इससे न केवल आम नागरिकों को परेशानी होती है। साथ ही यातायात जाम होने की स्थिति में वाहन चालकों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

**प्रशांत पराशर,** नगर पालिका सचिव

## रेवाड़ी रोड पर नगर परिषद सात साल में भी पूरा नहीं कर पाई है फुटपाथ का निर्माण

# दो माह से फुटपाथ निर्माण बंद होने से लोग परेशान

**सात सालों में कई बार रोका गया है निर्माण कार्य, वाहन चालक हो रहे चोटिल**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

नगर परिषद की कार्यप्रणाली भी अजब निराली है। करीब सात साल पहले रेवाड़ी रोड पर सड़क के दोनों तरफ शुरू किया गया फुटपाथ निर्माण आज तक पूरा नहीं हो पाया है। इस सड़क की एक साइड का फुटपाथ आज भी आधा–अधूरा ही है, जिसमें लोग ठोकरें खाकर चोटिल होते रहते हैं। कमाल की बात यह है कि रेवाड़ी रोड कैलाश नगर में रह रहे लोग जब अपनी गाड़ियां एवं स्कूटी आदि लेकर इस रोड पर चढ़ना चाहते हैं, वह ठीक से चढ़ नहीं पाते हैं। स्कूटी वाले तो अनेक गिर कर चोटिल होते रहते हैं, लेकिन नगर परिषद वाले डेढ़–दो महीने से इस आधे–अधूरे फुटपाथ को पूरा नहीं कर रहे। फिलहाल काम बंद है और यहां के दुकानदार ही नहीं, आमलोग भी परेशान हैं।

उल्लेखनीय है कि कैलाश नगर के बीचोंबीच से नेशनल हाईवे नंबर 11 गुजरता है, जो रेवाड़ी को वाया नारनौल होते हुए सीधे जैसलमेर को जाता है। इसी रोड के दोनों किनारों पर नगर परिषद करीब सात सालों से फुटपाथ निर्माण करवा रही है, जो आज तक अधूरा ही है। यह फुटपाथ इन सात सालों में कई बार बनाना शुरू किया गया, लेकिन हर बार इसे अधूरा ही छोड़ दिया गया। नगर परिषद के पिछले कार्यकाल में वर्ष 2018 में कृष्णावती नदी की तरफ से इस रोड के किनारों पर खुदाई करना शुरू किया गया था। तब लगभग 100–125 मीटर की दूरी में जेसीबी से सड़क के किनारे मकानों की दीवार से लेकर इस मुख्य सड़क के बीच के हिस्से में खुदाई भी की गई, लेकिन तब इसमें रोड़ियां भरी गई और बाद में काम अधूरा ही छोड़ दिया गया। जो काफी समय तक बंद रहा। तब सरकार ने इसका बजट लगभग पांच करोड़ मंजूर किया था। काफी समय बीतने उपरांत यह कार्य पुनः कृष्णावती की तरफ से शुरू करने की तरफ से शुरू किया गया, लेकिन फिर से अधूरा छोड़ दिया गया।



नारनौल। अधूरा छोड़ा गया टाइलों का फुटपाथ।



नारनौल। खुदाई करने उपरांत जमीन से ऊंची हुई सड़क।

**खास बातें**

- सड़क के दोनों तरफ बनाना है फुटपाथ, सात साल से शहर वासियों को इंतजार
- पुठपाथ निर्माण कार्य के बार–बार बंद होने से राहगीरों का आनाजाना हो रहा दुश्वार

### टाइलें बिछानी हैं सड़क किनारे

यहां बता दें कि फुटपाथ निर्माण में नगर परिषद सीमेंट की टाइलों का प्रयोग कर रही है। सड़क के दोनों तरफ जेसीबी से करीब दो फुट खुदाई की जाती है। खुदाई उपरांत उसमें रोड़ियां भरी जाती हैं और हलकी सी मिट्टी डालकर उस पर टाइलें बिछाई जाती हैं। अबकी बार जब फुटपाथ निर्माण शुरू किया गया, तब सरस्वती गार्डन की तरफ से गंदे नाले तक फुटपाथ शुरू किया गया, जो एकतरफ पूरा हो चुका है, लेकिन जब दूसरे किनारे पर कार्य शुरू किया गया तो रोड़ियां जमाने के बाद फिर से उसे अधूरा ही छोड़ दिया गया। गंदे नाले की तरफ शुरूआत में जहां टाइलें बिछी हुई हैं, वहीं इससे आगे रोड़ियां जमाई हुई हैं, लेकिन डेढ़–दो महीने बीत गए, काम बंद ही पड़ है और लोग परेशान हो रहे हैं। खुदाई करने से धरातल नीचे एवं सड़क ऊंची हो गई है। इससे गाड़ियां सड़क पर चढ़ाने व उतारने में परेशानी हो रही है।

### यह कहते हैं लोग:

कैलाश नगर निवासी नरोत्तम सोनी, घनश्याम दास, डा. नीरज यादव, कप्तान बलबीर सैनी, कैप्टन हरीश सैनी, ओमप्रकाश शर्मा, कप्तान ओमप्रकाश, प्रेमराज जांगिड़, नरेंद्र शर्मा, बालकिशन सचदेवा एवं भगत सैनी समेत अनेक लोगों ने बताया कि नगर परिषद ने फुटपाथ निर्माण के लिए सड़क के किनारों पर जेसीबी चलाकर उसकी खुदाई तो कर दी, लेकिन अब करीब दो महीनों से निर्माण नहीं किया जा। इससे लोग ठोकरें खाने को मजबूर हैं। सड़क पर स्कूटी या चार पहिया गाड़ी लेकर चढ़ पाना भी मुश्किल हो रहा है। अनेक लोग हादसों का शिकार हो चुके हैं, लेकिन नगर परिषद सुनवाई नहीं कर रही।

### यह कहते हैं अधिकारी

पिछले दिनों भारी प्रदूषण की वजह से सरकार ने ग्रेप–4 लागू कर दिया था। इसके लागू होने से सभी निर्माण कार्य रोक दिए गए थे। काम रोकने से जो लेबर लगी हुई थी, वह अपने घरों को लौट गई और वापस नहीं आई। अब ठेकेदार को फिर से बोल रखा है। एक सप्ताह के अंदर–अंदर इसका निर्माण शुरू कर दिया जाएगा।

**सुंदर सिंह श्योराण,** कार्यकारी अभियंता



नांगल चौधरी। खनन क्षेत्र का निरीक्षण करते एसडीएम मनोज कुमार।

### एसडीएम ने किया खनन क्षेत्र का औचक निरीक्षण

**नांगल चौधरी।** एसडीएम मनोज कुमार ने शुक्रवार को विभिन्न विभागों के अधिकारियों को साथ लेकर जैनपुर खनन क्षेत्र का औचक निरीक्षण किया। एसडीएम खनन विभाग व वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारियों को साथ लेकर इस क्षेत्र का कई घंटों तक दौरा किया। इस दौरान कहीं भी अवैध खनन का मामला नहीं पाया गया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि माइनिंग एरिया के ऐसे रास्तों को पूरी तरह से बंद रखा जाए। जहां से अवैध खनन होने की आशंका रहती है। उन्होंने वन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे यहां पर और अधिक गश्त बढ़ाएं।

# व्यापारी के घर व दुकान पर इनकम टैक्स की रेड जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

चीनी व घी व्यापारी के घर व दुकान पर इनकम टैक्स की रेड दूसरे दिन भी जारी रही। इस बीच एक अधिकारी बाहर भी आया। जिसने ऑफ कैमरा बताया कि यह फर्म मुख्य नहीं है। ऐसी अन्य रेड पंजाब, दिल्ली व हरियाणा में कई जगह चल रही हैं। वहीं यह भी पता चला है कि मंडी के एक अन्य व्यापारी से भी अधिकारियों ने कई घंटे तक पूछताछ की। बता दें कि यहां के चीनी व घी के व्यापारी हितेष मदान के घर व दुकान पर इनकम टैक्स की रेड वीरवार सुबह शुरू हुई थी। जिसके बाद से दिनभर रेड जारी रही। वहीं रात को भी पंचकूला से गाड़ियों में आए अधिकारी घर व दुकान में डटे रहे तथा कागजातों की जांच भी करते रहे। शुक्रवार दोपहर को मीडिया के लोग जब दुकान के बाहर न्यूज कवर कर रहे थे तो अंदर से एक अधिकारी आया तथा उसने मीडिया कर्मियों से आई कार्ड भी मांगे। इस पर मीडिया कर्मियों ने रेड के कारणों के बारे में पूछा तो उन्होंने बताया कि वे कारण नहीं बताएंगे। उन्होंने बताया कि यह मुख्य फर्म नहीं है। मुख्य फर्म तो अन्य है। इनका संबंध उस फर्म के साथ है। जिसके चलते पूरे देश भर में अनेक जगहों पर इनकम टैक्स की रेड की जा रही है। वहीं मंडी के अन्य दुकानदारों से इस बारे में बातचीत की तो पता चला कि टीम में शामिल अधिकारियों ने मंडी के घी व चीनी के ही एक अन्य व्यापारी से भी करीब दो घंटे तक पूछताछ की।

## खबर संक्षेप

### पदोन्नत होने पर एसपी ने स्टार लगाकर दी बधाई



नारनौल। स्टार लगाकर बधाई देती एसपी पूजा वशिष्ठ।

**नारनौल।** जिले में उप निरीक्षक के पद पर तैनात विरेन्द्र सिंह प्रमोशन के बाद निरीक्षक बन गए। एसपी पूजा वशिष्ठ ने अपने कार्यालय में उनको स्टार लगाकर प्रमोशन की बधाई दी। जिले में विरेन्द्र सिंह थाना निजामपुर में बतौर अनुसंधानकर्ता तैनात हैं, जिनका प्रमोशन हो गया है और निरीक्षक बन गए हैं। साथी पुलिस कर्मियों ने प्रमोशन मिलने पर खुशी जताई है। साथ ही एसपी ने बेहतर सुरक्षा ड्यूटी के लिए प्रोत्साहित किया। एसआई के पद से निरीक्षक के पद पर पदोन्नत होने वाले निरीक्षक विरेन्द्र सिंह 1988 में पुलिस विभाग में भर्ती हुए थे और 2018 में एसआई बने थे। इन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान विभिन्न थाना चौकियों में ड्यूटी करते हुए काफी सराहनीय कार्य किए हैं।



महेंद्रगढ़। पुरस्कार जीतने के बाद शोधार्थी कुलपति के साथ। *फोटो: हरिभूमि*

### हकेंवि शोधार्थियों ने जीता बेस्ट पोस्टर अवार्ड

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के रसायन विज्ञान विभाग में सहायक आचार्य डॉ. एजाज अंसारी के निर्देशन में अध्ययनरत पीएचडी के दो शोधार्थियों आशा व सुमित साहिल ने सर्वश्रेष्ठ पोस्टर प्रस्तुति पुरस्कार हासिल किया है। शोधार्थियों की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने शोधार्थियों को बधाई दी। कुलपति ने शोधाथियों के कठिन परिश्रम की सराहना की। उन्होंने कहा कि उनके प्रयास विश्वविद्यालय में रसायन विज्ञान के क्षेत्र में ज्ञान के प्रसार में योगदान का प्रतीक हैं और यह विश्वविद्यालय में जीवंत शोध वातावरण को दर्शाता है। विश्वविद्यालय के रसायन विज्ञान विभाग की शोधार्थी आशा ने जामिया मिलिया इस्लामिया नई दिल्ली में आयोजित भारत-आस्ट्रेलिया सम्मेलन व कार्यशाला में यह पुरस्कार प्राप्त किया। आशा ने बायोमिमिक्री नेचर्स परफेक्ट इनोवेशन सिस्टम टू डिजाइन सस्टेनेबल फ्यूचर विषय पर पोस्टर प्रस्तुति के लिए यह पुरस्कार प्राप्त किया।



महेंद्रगढ़। कार्यक्रम को संबोधित करते कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार।

### हकेंवि में अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस मनाया

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के उपलक्ष्य में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के राजभाषा अनुभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का उद्घाटन विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान विश्वविद्यालय के शोध अधिष्ठाता प्रो. पवन कुमार शर्मा भी उपस्थित रहे। कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि अपनी मातृभाषा के द्वारा मनुष्य अपना समग्र शैक्षणिक विकास को सहज बना सकता है तथा विद्यार्थी जीवन में मातृभाषा एक महत्वपूर्ण कड़ी है। कुलपति ने कहा की भारत की लगभग सभी भाषाओं में ज्ञान की उपलब्धता है तथा नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति भी मातृभाषा में शिक्षा पर जोर देती है।



महेंद्रगढ़। किसानों को जानकारी देते विशेषज्ञ। *फोटो: हरिभूमि*

### उन्नत कृषि अपनाकर सरसों की पैदावार बढ़ाए

**महेंद्रगढ़।** कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा अनुसूचित जाति उप-परियोजना के अंतर्गत गांव उच्चत में सरसों खेत दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान किसानों को सरसों की अच्छी पैदावार के लिए उन्नत कृषि क्रिया के बारे में बताया गया तथा सरसों की फसल में बीमारियों की पहचान एवं उनकी रोकथाम के उपाय बताए गए। केंद्र वरिष्ठ संयोजक व कीट वैज्ञानिक डॉ. जयलाल यादव ने किसानों व महिलाओं को सरसों फसल की उन्नत कृषि क्रिया से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि महेंद्रगढ़ जिले के किसान सरसों फसल की अच्छी पैदावार ले रहे हैं। इसके उपरांत भी किसान फसल उत्पादन की उन्नत कृषि क्रिया को अपनाने में पीछे हैं। इसलिए किसानों को उन्नत कृषि क्रिया को अपनाना चाहिए, ताकि सरसों के उत्पादन को ओर अधिक बढ़ाया जा सके।

### बच्चों ने दिया जल संरक्षण व पेयजल गुणवत्ता का संदेश

**नारनौल।** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गोद में विद्यालय इंचार्ज सीमा यादव की अध्यक्षता में जल संरक्षण व स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें जिसमें जल एवं स्वच्छता सहायक संगठन जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की ओर से आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में मधु ने प्रथम, खुशबू ने द्वितीय, कमला ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निबंध लेखन में नेगिता ने प्रथम, मधु ने द्वितीय, खुशबू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। खंड संसाधन संयोजक इंद्रजीत ने बताया कि परीक्षा के समय बच्चों के स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होते हुए प्रत्येक व्यक्ति को जल संरक्षण के साथ साथ इसकी गुणवत्ता बनाए रखने के लिए स्वच्छता पर ध्यान देना होगा, क्योंकि बच्चों के स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही उनकी शिक्षा को प्रभावित करती है।

**परेशानी** | **बाबा श्यामजी के भक्तों की भीड़ चलते ट्रेन में पैर रखने के लिए भी जगह नहीं**

# दैनिक रेल यात्रियों ने की नई ट्रेन चलाने की मांग, रेल मंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

दैनिक रेल यात्री संघ ने शुक्रवार को स्टेशन अधीक्षक जितेंद्र यादव को रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के नाम का ज्ञापन सौंपा। जिसमें कहा कि दैनिक रेल यात्री संघ के सदस्य व यहां के क्षेत्रवासी प्रार्थना करते हैं कि उनकी छोटी सी विनती है, जिसका समाधान आप ही कर सकते हैं। ज्ञापन में कहा कि नारनौल से रेवाड़ी के बीच में चलने वाले दैनिक यात्री व रेल मित्र है। उन्होंने कहा कि दिल्ली सराय रोहिल्ला से अजमेर जाने वाली जनशताब्दी एक्सप्रेस एक पूर्णतया आरक्षित गाड़ी है। जिसमें अनारक्षित टिकट नहीं मिलती, जिसके कारण बाबा श्यामजी के भक्त इस गाड़ी की अनारक्षित टिकट न मिलने के कारण इसमें मजबूरन चढ़ते हैं। अनारक्षित टिकट न मिलने के कारण बाबा के भक्त ऐसा हर रोज कर रहे हैं। बाबा श्यामजी के भक्तों की भीड़ इतनी अधिक होती है कि इस ट्रेन में पैर रखने के लिए भी जगह नहीं होती, चढ़ना तो बहुत दूर की बात है। ऐसे में लोग लटक कर यात्रा करने के लिए मजबूर होते हैं। ज्ञापन में मांग की कि इसका एक अच्छा विकल्प यह है कि रींगस से दिल्ली तक एक नई ट्रेन चलाई जाए। जिसका रींगस से चलने का समय सुबह छः बजे, नारनौल 7:40, रेवाड़ी नौ बजे व दिल्ली सराय रोहिल्ला 11 बजे पहुंचने का किया जाए। इसी तरह वापसी में दिल्ली सराय रोहिल्ला से दोपहर 2:30 बजे चलाकर रेवाड़ी शाम 4:30, नारनौल 5:50 व रींगस शाम 7:15 बजे पहुंचने का किया जाए। इस ट्रेन को रविवार, सोमवार, बुधवार, वीरवार व शनिवार के दिन चलाया जाए, ताकि यह ट्रेन दूसरी ट्रेनों को भी प्रभावित न करें। ऐसी व्यवस्था करने से बाबा श्यामजी के जाने वाले भक्तों के साथ साथ आमजन को भी परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा।



नारनौल। स्टेशन अधीक्षक के नाम ज्ञापन सौंपते दैनिक रेल यात्री।

### ज्ञापन देने वालों में ये रहे शामिल

रेल यात्री संघ के अध्यक्ष गणेश शर्मा, अशोक कटारिया, प्रवीण जांगड़ा, मुकेश कौशिक, हरिओम सोनी, मनोज डाबला, सरजीत डाबला आदि ने ज्ञापन में कहा कि रूट मदार जंक्शन से रोहतक तक ट्रेन चलती है। जिसको 29 नवंबर से 13 जनवरी तक बंद किया गया था। यह ट्रेन नारनौल से रेवाड़ी के बीच का 51 किलोमीटर का सफर दो से ढाई घंटे में पूरा करती थी। ट्रेन संख्या 19620 रेवाड़ी नारनौल के बीच पांच स्टॉपेज होने के बावजूद एक घंटे में पहुंच जाती है, जबकि मदार रोहतक ट्रेन के दो स्टॉपेज होने के बावजूद 2:15 घंटे में पहुंचती है, जो की हास्यास्पद स्थिति पैदा करती है। इस तरह के समय प्रबंधन के कारण रेलवे दैनिक यात्रियों साथ आम क्षेत्रवासी प्रभावित होते हैं। इसलिए इस ट्रेन को नारनौल से सुबह 8:30 बजे चलाकर 9:30 तक रेवाड़ी पहुंचाने की व्यवस्था की जाए।

### किशोरियों को मासिक धर्म के बारे में बताया

**महेंद्रगढ़।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम शैलजा गुप्ता के निर्देशानुसार तथा उपमंडल विधिक सेवा समिति अध्यक्ष गौरव खटाना एसडीजेएम के तत्वाधान में शुक्रवार को गवर्नमेंट गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में न्याय रक्षक ज्योति अग्रवाल तथा आधार मित्र विजय सिंह ने कैंप लगाकर किशोरियों को मासिक धर्म स्वस्थता के बारे मे जागरूक किया। उन्होंने बताया कि मासिक धर्म किशोरियों के विभिन्न आधार है, मासिक धर्म के दौरान घबराए नहीं, साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखे तथा खाने-पीने में तरल पदार्थ के साथ गर्म वस्तुओं का सेवन करें, मासिक धर्म के दौरान कपड़े का इस्तेमाल नहीं करे, इनसे बीमारी होने का खतरा रहता है।